बलरामपुर पुलिस

156 लोगों को मिले खोए हुए 40 लाख कीमत के मोबाइल

संवाद न्यूज एजेंसी

आईफोन-16 और सैमसंग एस-25 अल्ट्रा समेत अन्य बरामद फोन स्वामियों को सौंपे

बलरामपुर। दीपावली के त्योहार पर जिले के 156 लोगों के चेहरे उस समय खिल उठे, जब उन्हें उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिल गए। पुलिस की साइबर सेल और सीईआईआर टीम ने करीब 40 लाख रुपये कीमत के 156 स्मार्टफोन बरामद किए हैं।

बरामद मोबाइलों में आईफोन-16 और सैमसंग एस-25 अल्ट्रा जैसे महंगे फोन भी शामिल हैं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने पुलिस कार्यालय में मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सौंपे।

पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और क्षेत्राधिकारी यातायात एवं साइबर पर्यवेक्षण अधिकारी विजय कुमार पांडेय के पर्यवेक्षण में साइबर सेल और सीईआईआर टीम ने यह सफलता हासिल की।

टीम ने भारत सरकार के संचार साथी पोर्टल की मदद से गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। दीपावली के त्योहार पर अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस अधीक्षक और साइबर सेल की टीम की सराहना करते हुए आभार जताया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस दिलाए जा सकें।